प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 02.07.2026

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने में कानपुर देहात पुलिस की एक और कार्यवाही।**
- **थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण एवं महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी श्री देवी प्रसाद पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम क्योटरा बांगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0- 0054/2026 धारा 137(2)/87 भारतीय न्याय संहिता- 2023 बनाम कपिल पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम क्योटरा बांगर थाना मूसानगर, जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 65(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 4(2) पास्को एक्ट की बढोत्तरी की गयी। थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए नामित अभियुक्त कपिल पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम क्योटरा बांगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 02.07.2026 को बिबियापुर मोड थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–

कपिल पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम क्योटरा बांगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री सुनील कुमार वर्मा,
2. हे0का0 484 प्रमोद कुमार अग्निहोत्री,
3. रि0का0 587 नितिन चौहान,